धार एक्सप्रेस

राज एक्सप्रेस
गुरुवार, 22 अक्टूबर 2026

www.rajexpress.com

# देश की सेवा में अपने कर्तव्य का पालन करने के दौरान शहीद हुए पुलिस जवानों को दी गई सलामी

● बुरहानपुर / राज न्यूज नेटवर्क

रेणुका पुलिस लाइन बुधवार को शहीद दिवस के अवसर पर पुलिस स्मृति दिवस आयोजित कर पिछले एक वर्ष में देश की सेवा के दौरान अपने प्राणों का बलिदान करने वाले जाबांज पुलिस जवानों को याद कर सलामी दी गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने पिछले एक वर्ष के दौरान शहीद हुए पुलिसकर्मियों के नामों का वाचन किया। साथ ही पुलिस-प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों ने पुष्पचक्र व पुष्पमालाएं अर्पित कर दी शहीदों को श्रद्धांजलि। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक श्री बागरी ने बताया कि अपने



उपस्थित जनप्रतिनिधी।



श्रृध्दांजलि देते हुए।

कर्तव्य का पालन करते हुए शहीद हुए पुलिसकर्मियों के सम्मान में प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को मनाए जाने वाले पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन रेणुका पुलिस लाइन में किया गया। पुलिस स्मृति दिवस कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समाज के सजग प्रहरी और सुरक्षा कवच पुलिसकर्मी जो अपने कर्तव्य का पालन करते हुए शहीद हुए, उन्हें सम्मान देते हुए पुलिस फोर्स द्वारा सलामी दी गई।

## शहीद हुए पुलिसकर्मियों के नामों का वाचन किया गया

इस दौरान पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी द्वारा पिछले एक वर्ष के दौरान शहीद हुए पुलिसकर्मियों के नामों का वाचन किया गया। पुलिस शहीदों के बलिदान के प्रतीक शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र एवं पुष्पमालाएं अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस शहीद दिवस कार्यक्रम में विधायक अर्चना चिटनिस, कलेक्टर हर्ष सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेण्डे, नगर पुलिस अधीक्षक विनोद सिंह कुशवाह सहित समस्त थानों के प्रभारी, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान सूबेदार दीपाली यादव एवं सूबेदार रीना सोलंकी के द्वारा शहीद दिवस परेड का नेतृत्व किया गया। ज्ञात हो कि पुलिस स्मृति दिवस हर वर्ष 21 अक्टूबर को मनाया जाता हैं। 1959 में इसी दिन 10 सीआरपीएफ के जवानों ने चीन से देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया था।

► दूसरे दिन बाद तालाब में मिला युवक का शव, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

# माता विसर्जन के दौरान तालाब में डूबा युवक





● धुलकोट / राज न्यूज नेटवर्क

माताजी के विसर्जन के दौरान तालाब में डूबे 35 वर्षीय कैलाश की तलाश बुधवार सुबह दुखद अंत के साथ पूरी हुई। ग्राम पंचायत हरदा में मंगलवार को हुए हादसे के बाद बुधवार सुबह एनडीआरएफ की टीम ने करीब दो घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने तालाब के बीच से युवक का शव बरामद कर लिया। जिस युवक की सुरक्षित वापसी की उम्मीद में परिजन और ग्रामीण रातभर चिंतित रहे, उसकी मौत की खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**मंगलवार को विसर्जन के दौरान गहरे पानी में डूबा था युवक :** जानकारी के अनुसार धुलकोट तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत हरदा में मंगलवार को माताजी की प्रतिमा के विसर्जन के दौरान कैलाश पिता नन्नू 35 वर्ष, तालाब के गहरे पानी में डूब गया था। धार्मिक आयोजन के बीच अचानक हुए इस हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। युवक को बचाने और तलाशने के लिए स्थानीय गोताखोरों ने तत्काल प्रयास शुरू किए। ग्रामीण भी उसकी तलाश में जुटे रहे, लेकिन तालाब की गहराई और अंधेरा बढ़ने के कारण युवक का पता नहीं चल सका। परिस्थितियों को देखते हुए मंगलवार रात रेस्क्यू ऑपरेशन रोकना पड़ा।

## बुधवार सुबह 8 बजे फिर शुरू हुई तलाश

युवक की तलाश के लिए बुधवार सुबह करीब 8 बजे एनडीआरएफ की टीम ने दोबारा रेस्क्यू अभियान शुरू किया। तालाब में डूबे युवक को खोजने के लिए टीम ने सावधानीपूर्वक तलाशी अभियान चलाया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद टीम को सफलता मिली और तालाब के बीच से कैलाश का शव बरामद कर लिया गया। शव मिलने की खबर फैलते ही मौके पर मौजूद ग्रामीणों में शोक छा गया। जिस तालाब के किनारे मंगलवार को धार्मिक आयोजन और विसर्जन की गतिविधियां चल रही थीं, वहीं बुधवार सुबह हादसे के दुखद परिणाम ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। परिजनों के लिए यह खबर गहरा आघात लेकर आई।

## पुलिस ने पंचनामा बनाकर मर्ग कायम किया

घटना की सूचना मिलने पर धुलकोट पुलिस चौकी प्रभारी कमल मोरे मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए पंचनामा तैयार किया और मर्ग कायम किया।

इसके बाद युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## रेस्क्यू के दौरान प्रशासन और ग्रामीण रहे मौजूद

रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान धुलकोट तहसीलदार फिरोज खान, एनडीआरएफ की टीम, धुलकोट पुलिस के जवान, स्थानीय गोताखोर और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे। युवक की तलाश पूरी होने तक सभी की नजरें तालाब पर टिकी रहीं। हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल बना हुआ हैं।

## विसर्जन के दौरान सावधानी बरतना जरूरी

हरदा में हुआ यह हादसा प्रतिमा विसर्जन के दौरान जलाशयों में सुरक्षा व्यवस्था और सावधानी की जरूरत को फिर सामने लाता है। तालाब नदी या अन्य जलाशयों में पानी की गहराई का सही अनुमान नहीं लग पाना जानलेवा साबित हो सकता हैं। विशेषकर विसर्जन के समय भीड़, फिसलन और गहरे पानी के कारण दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता हैं।



नाटक का मंचन करते हुए।

# दशहरा बाहरी पुतला नहीं, भीतर छिपे क्रोध, ईष्या और अहंकार दहन करने का पर्व

● बुरहानपुर / राज न्यूज नेटवर्क

मैक्रो विजन एकेडमी में विजयादशमी का पावन पर्व अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा और उमंग के साथ मनाया गया। एकेडमी के संस्थापक एवं चेयरमैन आनंद प्रकाश चौकसे के कुशल मार्गदर्शन व नेतृत्व में किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए एकेडमी के संस्थापक एवं चेयरमैन आनंद प्रकाश चौकसे ने विद्यार्थियों और उपस्थित जनसमूह को प्रेरक संदेश दिया। उन्होंने कहा दशहरा केवल बाहर पुतलों को जलाने का पर्व नहीं हैं, बल्कि अपने भीतर छिपे क्रोध, ईर्ष्या और अहंकार जैसे विकारों का दहन करने का संकल्प हैं। शिक्षक श्री रोनी सर, चिन्मय सर, रंजीत सर और उसकी टीम, ऋषि सर, आकाश सर ने कार्यक्रम में भाग लिया। अहंकार पर आधारित विशेष नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से कलाकारों ने गर्व और विनम्रता के आंतरिक संघर्ष को दर्शाया और संदेश दिया कि सच्ची महानता केवल विनम्रता में ही निहित हैं।

## प्रेरणा दी...

विद्यालय के प्राचार्य जसवीर सिंह परमार ने विजयादशमी के आध्यात्मिक व नैतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को सदा सत्य और अच्छाई के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पश्चात उत्सव का मुख्य आकर्षण रावण वध और पुतला दहन रहा। जोश क्लब और डिवाइन विंग के मध्य, विजन विस्ता के सामने स्थित विशाल खेल मैदान में भगवान श्रीराम द्वारा रावण वध का प्रतीकात्मक मंचन कर रावण के विशाल पुतले का दहन किया गया। असत्य पर सत्य और अंधकार पर प्रकाश की विजय के जयघोष से समूचा परिसर गूंज उठा। इस भव्य आयोजन की अध्यक्षता स्वयं संस्थापक एवं चेयरमैन आनंद प्रकाश चौकसे ने की। कार्यक्रम में ऑल इज़ वेल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर कबीर चौकसे, देवांशी चौकसे, एकेडमिक सचिव मंजूषा चौकसे तथा एकेडमिक डायरेक्टर अंतरा चौकसे विशेष रूप से उपस्थित रहीं। संपूर्ण प्रबंधन समिति समस्त शिक्षकगण और बड़ी संख्या में आवासीय विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

# आधार सेंटर पर महिला के साथ गलत हरकत करने पर लोगों ने जमकर पीटा

● बुरहानपुर / राज न्यूज नेटवर्क

लोक सेवा केंद्र के सामने जिला दिव्यांग एवं सामाजिक न्याय विभाग के कार्यालय में संचालित आधार सेंटर पर एक महिला के साथ छेड़छाड़ किए जाने की शिकायत सामने आई हैं। शिकायत मिलने के बाद हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और छेड़छाड़ करने वाले युवक को पुलिस के हवाले करते हुए मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार महिला की शिकायत पर आधार सेंटर संचालित करने वाले शाहरुख अंसारी निवासी जय स्तंभ के खिलाफ पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने युवक को पुलिस के हवाले कर दिया और मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की।फिलहाल मामले में महिला की शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की मांग की गई हैं। घटना के बाद आधार सेंटर पर हुए विवाद और शिकायत को लेकर क्षेत्र में चर्चा रही। हालांकि छेड़छाड़ के आरोपों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। फिलहाल मामले में पुलिस की जांच और आधिकारिक पक्ष सामने आने बाकी हैं। हिंदू जागरण मंच के अजीत परदेसी ने आरोप लगाते कहा कि आधार केंद्र संचालित करने वाले युवक शाहरुख की शिकायत काफी दिन से मिल रही थी।



# नियुक्ति : अताउल्लाह को ऑल इंडिया हज वेलफेयर सोसायटी की प्रदेश कार्यकारणी में मिला स्थान

● बुरहानपुर / राज न्यूज नेटवर्क

हज एवं शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय अखिल भारतीय नेटवर्क के संगठन ऑल इंडिया हज वेलफेयर सोसायटी ने अपनी मध्यप्रदेश इकाई का विस्तार करते हुए बुरहानपुर जिले के समाजसेवी अताउल्लाह खान को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया हैं। उनकी यह नियुक्ति राष्ट्रीय महासचिव सैय्यद रियाज धार मध्य प्रदेशद्ध की सहमति से की गई हैं। अताउल्लाह खान वन विभाग से सेवा से निवृत्त होने के बाद भी वे सामाजिक सरोकारों और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय रूप से अपनी महत्ती भूमिका निभा रहे हैं। पेंशनर्स के हितों से जुड़े विषयों के साथ-साथ जिले की अनेक सामाजिक सोसायटियों में भी उनकी सक्रिय भागीदारी रहती हैं। अताउल्लाह खान की ऑल इंडिया हज वेलफेयर सोसायटी की प्रदेश कार्यकारिणी में नियुक्ति को उनकी सामाजिक सक्रियता के प्रति विश्वास के रूप में देखा जा रहा हैं। उनकी नियुक्ति पर हाजी मोहम्मद अली अंसारी उर्फ़ दादा, मोहम्मद मोईन उर्फ़ हाजी मतीन अजमल, अब्दुल रज्जाक सिद्दीकी, रियाज उल हक अंसारी, कदीर मोहम्मद तेली, इक़बाल अंसारी आईना, सैय्यद जुजर अली, डॉ. युसुफ़ खान, राजिक हुसैन अंसारी सहित अन्य लोगों ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं।



# औद्योगिक परंपरा: नेपा मिल सीएमडी ने कारखानें में भगवान विश्मकर्मा का पूजन कर किया रावण दहन

● नेपामगर / राज न्यूज नेटवर्क

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में विजयादशमी पर औद्योगिक परंपरा और आस्था का संगम नजर आया। कारखाना परिसर स्थित सुरक्षा एवं अग्निशमन विभाग में सीएमडी नरेश सिंह ने पंडित कृष्णमुरारी पांडेय के सान्निध्य में भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया। इसके बाद शस्त्रागार में शस्त्रों, दमकल वाहनों और अग्निशमन उपकरणों की पूजा-अर्चना की गई। सीएमडी ने पेपर मशीन संयंत्र का पूजन कर संस्थान की सुख-समृद्धि और प्रगति की कामना की।



नरेश सिंह ने अधिकारियों, कर्मचारियों और नगरवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह पर्व सत्यए साहस और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता हैं। उन्होंने सभी के जीवन में सुख.समृद्धि की कामना करते हुए संस्थान और नगर की प्रगति के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, ऑफिसर्स स्टाफ एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं पेपर मशीन विभागाध्यक्ष महेंद्र केशरी, एसोसिएशन के सचिव एवं सुरक्षा एवं अग्निशमन विभाग प्रमुख संजय पवार, सौजन्य तिवारी, आवास संगठन के आरजी शर्मा, राजाराम पटेल, नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार झंझडीवाल सहित कई अफसर कर्मी मौजूद रहे।

## दशकों से निभाई जा है रही परंपरा

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि एशिया की पहली न्यूजप्रिंट मिल के रूप में ऐतिहासिक पहचान रखने वाले नेपा लिमिटेड में विजयादशमी पर शस्त्रों, अग्निशमन वाहनों और उत्पादन संयंत्र के पूजन की परंपरा दशकों से चली आ रही हैं। यह आयोजन औद्योगिक कार्यसंस्कृति में सुरक्षा, अनुशासन और कर्म के प्रति सम्मान को दर्शाता हैं। जिसके बाद नगर के नेहरू स्टेडियम प्रभु श्रीराम माता सीता, लक्षमण, हनुमान और रावण की झांकी निकाली गई। असत्य पर सत्य की जीत के प्रतिक रावण का आतिशबाजी के साथ दहन हुआ। हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। विदित हो की पंडित जवाहरलाल नेहरू क्रिकेट स्टेडियम में दस दिवसीय नवरात्रि महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के बाद विजयादशमी की रात रावण दहन देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक जुटते हैं।

मेला

# मेले को लेकर तैयारियां की जा रही हैं

# आज से तीन दिनों तक सतीयारा घाट पर विराजित रहेंगे बालाजी महाराज





● बुरहानपुर / राज न्यूज नेटवर्क

शहर में बड़े बालाजी महाराज के 15 दिवसीय महोत्सव के अंतर्गत आज से ताप्ती नदी के सतीयारा घाट पर तीन दिवसीय भव्य बालाजी मेले का शुभारंभ होगा। मेले को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। इस दौरान श्रद्धालुओं को भगवान बालाजी महाराज के विशेष दर्शन के साथ धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होने का अवसर मिलेगा। बड़े बालाजी मंदिर के मुख्य पुजारी मोहन बालाजीवाले एवं बड़े बालाजी मंदिर संस्थान के आशीष भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार 21 अक्टूबर को भगवान बालाजी महाराज अपने छोटे रथ पर हंस वाहन पर विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देने निकलेंगे।

## दीपदान किया जाएगा

रथयात्रा शहर के निर्धारित मुख्य मार्गों पांडुमल चौराहा, गांधी चौक एवं फव्वारा चौक से होते हुए वापस मंदिर पहुंची। उन्होंने बताया कि आज शाम 6 बजे भगवान बालाजी महाराज मंदिर से हनुमान जी के कंधे पर विराजमान होकर गुप्तेश्वर मंदिर होते हुए ताप्ती नदी के सतीयारा घाट बालाजी घाट पहुंचेंगे। यहां मां ताप्ती के पावन तट पर भक्तों द्वारा भगवान के स्वागत में दीपदान किया जाएगा। दीपों से जगमगाता नदी तट इस धार्मिक आयोजन का विशेष आकर्षण रहेगा।

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा**
**Bank of Baroda**

धामनोद शाखा, एबी रोड, धामनोद
जिला-धार - 454552 (म.प्र.)

SCAN HERE For detailed terms & conditions.

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8 (6) का परन्तुक देखें ]

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम जनता तथा विशेष रूप से ऋणी(ओं), बंधककर्ता(ओं) तथा जमानतदार (ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित है, जिसका कब्जा बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी, सुरक्षित ऋणदाता द्वारा ले लिया गया है, उसे नीचे उल्लिखित खाते/खातों में बकाया राशि की वसूली के लिए ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर बेचा जाएगा। ऋणी/बंधककर्ता/गारंटर/सुरक्षित संपत्ति/बकाया राशि/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी तिथि एवं समय, ईएमडी तथा बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है -

| ऋणी/ जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | अचल सम्पत्ति का संक्षिप्त विवरण यदि कोई ज्ञात भार हो | कुल बकाया | ई-नीलामी की दिनांक एवं समय | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि | सांकेतिक/ भौतिक कब्जे की स्थिति | संपत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऋणी- **श्रीमती नानू बाई पत्नी सालिग्राम** सहऋणी- **श्री अनिल पुत्र सालिग्राम** दोनों का पताः ग्राम-अहीर धामनोद पीओ रेगवान, निमरानी तहसील एवं जिला- खरगोन- 451228 | पंजीकृत बंधक डायवर्टेड भूमि (व्यावसायिक कारण हेतु) स्थित सर्वे नं. 93/1, ग्राम-गोथानिया, तहसील कसरावद, जिला खरगोन (म.प्र.), के साथ भवन, शेड और अन्य संरचनाएं अंकित हैं। क्षेत्रफल 1.1380 हेक्टेयर संपत्ति मालिक-श्रीमती नानू बाई पत्नी सालिग्राम **चर्तुसीमाएँ:** पूर्वः सज्जन भाई पुत्र रामचंद्र, पश्चिमः भाव सिंह पुत्र भीम, उत्तरः सामान्य मार्ग, दक्षिणः नहर का रास्ता। | **रु. 20,85,505.64** (रुपये बीस लाख पिच्यासी हजार पांच सौ पांच एवं चौसठ पैसा मात्र) +दिनांक 24.11.2025 से अप्रभारित ब्याज एवं अन्य खर्च | ई-नीलामी की दिनांक 26/11/2026 ई-नीलामी का समय दोपहर 2.00 बजे से 6.00बजे तक | ₹ 25,20,000/- / ₹ 2,52,000/- / ₹ 10,000/- | सांकेतिक कब्जा | 24/11/2026 दोपहर 12.00 बजे से 4.00 बजे तक |

For detailed terms and conditions of sale, please refer/visit to the website link **https://bankofbaroda.bank.in**/e-auction and online auction portal **Baanknet.com.** Also, prospective bidders may contact the Authorised officer on **Mobile: 9999514488**

**तारीख : 21.10.2026, स्थानः धामनोद** **प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा**